# *संस्थान में नराकास कटक की 51वीं बैठक का आयोजन*

*नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की कटक 51वीं अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन दिनांक 30.10.2018 को राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के सम्मेलन कक्ष में नराकास कटक के अध्यक्ष डॉ.हिमांशु पाठक की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में कटक में स्थित केंद्र सरकार के सदस्य कार्यालयों से 40 अधिकारियों ने भाग लिया। विदेश व्यापार कार्यालय के उप महानिदेशक डॉ सुखबीर सिंह बादल, जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद कार्यालय के सहायक आयुक्त श्री अमिताभ चटर्जी, प्रधान आयकर आयुक्त कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी श्री एस के दत्त, भारतीय स्टेट बैंक, कटक के सहायक महाप्रबंधक श्री चंद्रमणि बारिक, कैनारा बैंक की मुख्य प्रबंधक श्रीमती मनस्विनी दास जैसे वरिष्ठ अधिकारियों की प्रतिभागिता ने नराकास बैठक के महत्व को बढ़ाया। बीएसएनएल की उपमहाप्रबंधक तथा हिंदी शिक्षण योजना कटक सर्वकार्यभारी अधिकारी श्रीमती स्निगधारानी प्रधान इस बैठक की विशिष्ट अतिथि थीं।*

*नराकास कटक के सचिव तथा सहायक निदेशक राजभाषा श्री आशुतोष कुमार तिवारी ने सर्वप्रथम 50वीं अर्धवार्षिक बैठक का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया जिसके विभिन्न बिंदुओं पर अध्यक्ष महोदय तथा सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों द्वारा चर्चा की गई और पुष्टि कर दी गई।*

*इसके पश्चात सदस्य सचिव ने 51वीं अर्धवार्षिक बैठक में समिति के समक्ष 7 नए प्रस्ताव प्रस्तुत किए जो इस प्रकार हैं*

*(1) राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में ही तिमाही प्रगति रिपोर्ट भरा जाना।*

*(2) नागरिक चार्टर तथा जनसूचना से संबंधित बोर्ड का द्विभाषी प्रदर्शन।*

*(3) प्रशिक्षण के संबंध में राजभाषा विभाग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया जाना।*

*(4) विभागीय/कार्यालयी राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन*

*(5) प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यशाला का आयोजन।*

*(6) धारा 3(3) के अंतर्गत सही आंकड़े दिया जाना*

*(7) प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय हिंदी समिति की दिनांक 6 सितंबर 2018 की बैठक में लिए गए संकल्प के अनुपालन में कार्यालयी हिंदी में सहजता को बढ़ावा दिया जाना।*

*अध्यक्ष महोदय ने डॉ हिमांशु पाठक ने सभी प्रस्तावों पर सभा के साथ विस्तृत रूप में विचार-विमर्श किया तथा नराकास के इन प्रस्तावों को अपने कार्यालयों में अपनाने के लिए सदस्य कार्यालयों को आह्वान किया। राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान द्वारा अध्यक्षीय कार्यालय के दायित्वों के निर्वहन के क्रम में उन्होंने*

*सदस्य सचिव को नराकास के सदस्य कार्यालयों को यथासंभव सहयोग देने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अध्यक्ष महोदय ने नराकास के सदस्य कार्यालयों को राजभाषा संबंधी कार्यों के संदर्भ में तकनीकी रूप से दक्ष बनाने का अपना संकल्प दोहराया तथा राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की वेबसाइट* ***rajbhasha.nic.in*** *के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्य कार्यालयों से सूचना प्रबंध प्रणाली के माध्यम से ही अपनी तिमाही प्रगति रिपोर्ट भेजे जाने का अनुरोध किया।*


*इस बैठक में नराकास के अध्यक्ष डॉ हिमांशु पाठक द्वारा स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान को सर्वश्रेष्ठ द्विभाषी वेबसाइट का पुरस्कार प्रदान किया गया।*

*सभा का समापन करते हुए नराकास सचिव श्री आशुतोष कुमार तिवारी ने सभी सदस्य कार्यालयों को उत्साहजनक भागीदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।*














GOVERNMENT OF INDIA
HOME AFFAIRS

